पर्यटन से खुला 1.16 लाख रोजगार का रास्ता

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : पर्यटन विभाग को मिला था 20 हजार करोड़ का लक्ष्य

धर्मेश अवस्थी • लखनऊ

पर्यटकों की आवक तेजी से बढ़ने के पहले प्रदेश में पर्यटन स्थलों के आसपास सुविधाएं बढ़ाने की मुहिम तेज हो गई है। इसकी बानगी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों में दिखी। पर्यटन विभाग तय लक्ष्य को एक माह में पार गया है। इसके साथ 1.16 लाख को रोजगार देने का रास्ता भी साफ हो गया है।

योगी सरकार नए साल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराकर दुनिया भर के निवेशकों को लुभाने जा रही है। नवंबर माह में ही नई पर्यटन नीति पर कैबिनेट ने मुहर लगाया, उसके अगले दिन से ही समझौता ज्ञापन यानी एमओयू की झड़ी लग गई। सरकार ने सभी विभागों को कुल 10 लाख करोड़ का निवेश लाने का लक्ष्य दिया है। इसमें पर्यटन विभाग को 20 हजार करोड़ का निवेश समिट तक लाना था।

निदेशक प्रखर मिश्र ने बताया कि अब तक देश-दुनिया ने 355 निवेशकों ने पर्यटन विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ये निवेशक प्रदेश में 31173 करोड़ का निवेश करेंगे। इससे एक लाख 16 हजार से अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसमें सबसे अधिक होटल, रिसार्ट, पार्क, वेलनेस सेंटर के लिए निवेश मिला है। इनमें पतंजलि, लु-लु माल सहित बड़े निवेशक भी हैं तो छोटे निवेशक भी बड़ी संख्या में सामने आए हैं। महानिदेशक ने दुबई जाकर व पर्यटन मंत्री ने जापान आदि देशों से निवेशकों को आकर्षित किया है।

31 हजार करोड़ से अधिक का एमओयू एक माह में ही

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

> पर्यटन नीति की वजह से तेजी से समझौता ज्ञापन हुए हैं, अभी समिट होने में समय है इसे 50 हजार करोड़ तक ले जाने का प्रयास जारी है। समिट के बाद धरातल पर विकास दिखने लगेगा। निवेशक अयोध्या, आगरा, वाराणसी, लखनऊ व प्रयागराज आदि क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि ले रहे हैं।
>
> **-मुकेश मेश्राम**, महानिदेशक पर्यटन उप्र

जी-20 सम्मेलन के लिए बिजली विभाग लटके तारों को करेगा दुरुस्त

जागरण संवाददाता, लखनऊ : बिजली विभाग ने जी 20 सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जनवरी के प्रथम सप्ताह से तारों को दुरुस्त करने के साथ ही साथ लटके व जर्जर तारों के स्थान पर दूसरे तार लगाए जाएंगे। वहीं ट्रांसफार्मरों की जाली का रंग-रोगन करने के साथ ही तारों को छूती हुई पेड़ों की टहनियां काटी जाएंगी। इसके लिए राजभवन, गोमती नगर, चिनहट, सेस प्रथम ने तैयारियां तेज कर दी हैं, क्योंकि जी-20 सम्मेलन के ईदगिर्द यही खंड आते हैं। अभियंताओं के मुताबिक, आगामी दस दिनों में जमीन पर काम शुरू हो जाएगा।

राजभवन खंड के अंतर्गत शहीद पथ के आसपास, मलेशेमऊ से भागीदारी भवन ताज होटल तक कुछ लाइनें ठीक की जाएंगी। वहीं गोमती नगर में कई होटलों के आसपास बिजली के तारों व ट्रांसफार्मरों के आसपास साफ सफाई करने के साथ ही बिजली के खंभों का भी रंगरोगन प्रस्तावित है। ट्रांसफार्मरों के आसपास गंदगी, झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली के खंभों पर अगर टेलीकाम व केबल के लिपटे तारों को हटाकर बेहतर तरीके से लगाया जाएगा। एयरपोर्ट से शहीद पथ के बीच के रूट पर बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर पड़ते हैं, वहां भी सफाई की जाएगी।

विक्रमादित्य बिजली घर हुआ चार्ज

राजभवन खंड के अंतर्गत बनने वाले विक्रमादित्य बिजली घर को रिचार्ज कर दिया गया है। इस वीआइपी बिजलीघर के बनने के बाद कूपर रोड व राजभवन बिजली घर का लोड कुछ विक्रमादित्य बिजली घर पर स्थानांतरित किया जाएगा। राजभवन के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार धर द्विवेदी ने बताया कि विक्रमादित्य मार्ग पर बिजली घर दो गुणे पांच के बनाए गए हैं।